**जन सम्पर्क कार्यालय,**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**
दिनांक : 20.12.2013

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2013/480)**

## <u>रोड अन्डर ब्रिज कार्य के कारण यातायात प्रभावित</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा बीकानेर मण्डल के भटिण्डा–सूरतगढ रेल खण्ड में रोड अन्डर ब्रिज (RUB) कार्य के कारण **दिनांक 23.12.13 सोमवार को** इस खण्ड की रेल सेवायें प्रभावित रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार बीकानेर मण्डल के भटिण्डा–सूरतगढ रेल खण्ड के संगत–बगवाली स्टेशनों के मध्य समपार फाटक संख्या सी–18 पर रोड अन्डर ब्रिज (RUB) निर्माण कार्य के कारण **<u>दिनांक 23.12.13 सोमवार को 07.30 बजे से 13.30 बजे तक</u>** 06 घंटे का यातायात ब्लॉक लिया जा रहा है। ब्लॉक के कारण उपरोक्त खण्ड में रेल सेवायें निम्नानुसार प्रभावित रहेगीं :–

1. गाडी संख्या 59712, सूरतगढ–भटिण्डा सवारी गाडी **दिनांक 23.12.13 सोमवार को** मण्डी डबवाली–बगवाली स्टेशनों से अपने निर्धारित समय से 02 घंटे देरी से रवाना होगी।
2. गाडी संख्या 54701, भटिण्डा–लालगढ सवारी गाडी **दिनांक 23.12.13 सोमवार को** भटिण्डा स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 02 घंटे देरी से रवाना होगी।

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**